# ऑनलाइन आवेदन में टेक्निकल गड़बड़ी के लिए अभ्यर्थी जिम्मेवार नहीं : हाईकोर्ट

**■ 1220 पदों पर चिकित्सा अधिकारी भर्ती का मामला, आवेदक को परीक्षा में बैठाने के आदेश**

**जोधपुर**, (कासं)। राजस्थान हाईकोर्ट ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि ऑनलाइन आवेदन पेश करने के दौरान हुई टेक्निकल गड़बड़ी के लिए अभ्यर्थी जिम्मेवार नहीं हो सकता है। मामले में हाईकोर्ट के वरिष्ठ न्यायाधीश विनीत कुमार माथुर ने चिकित्सा अधिकारियों के 1220 पदों पर चल रही भर्ती प्रक्रिया में आवेदन फीस का डिमांड ड्राफ्ट लेकर आवेदक की अभ्यर्थिता कंसीडर करने के अहम आदेश दिए हैं।

पोकरण निवासी डॉ. गजेंद्र कुमार पालीवाल की ओर से अधिवक्ता यशपाल ख़िलेरी ने रिट याचिका दायर कर बताया कि निदेशालय चिकित्सा विभाग जयपुर ने चिकित्सा अधिकारी के 1220 रिक्त पदों हेतु इसी साल 20 मई से राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय जयपुर को भेजकर विज्ञप्ति जारी करने को कहा गया। जिस पर राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय जयपुर ने विज्ञप्ति जारी कर आवेदन आमंत्रित किए।

आवेदन की अंतिम तिथि एक अक्टूबर रखी गई। याचिकाकर्ता ने 30 सितंबर को ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करते हुए ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करवा दिया जो सफलतापूर्वक जमा हो गया तथा निर्धारित आवेदन फीस पांच हजार रुपए भी जमा करवाने पर लेनदेन सफल रिपोर्ट प्राप्त हो जाने पर याची निश्चिन्त हो गया।

बाद में आवेदन पत्र जमा करवाने की अंतिम तिथि बढ़ाकर चार अक्टूबर कर दी गई।

अंतिम तिथि निकल जाने पर याचिकाकर्ता के बैंक एकाउंट में छह अक्टूबर को पांच हजार रुपए वापस रिफंड का मैसेज आया। इस पर उसने राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय जयपुर को ई-मेल के जरिये सूचना दी तो जवाब में कहा जाता है कि उसका आवेदन शुल्क का भुगतान सफ़ल नहीं है, इसलिए फॉर्म रिजेक्ट कर दिया गया है।

लिखित परीक्षा 17 नवंबर को होनी है, यदि अंतिम दिनांक से पूर्व सूचित किया जाता तो याचिकाकर्ता आवेदन शुल्क पुन: जमा करवा सकता था लेकिन पेमेंट का रिफंड सात दिन बाद लौटकर याचिकाकर्ता के बैंक खाते में क्रेडिट किये जाने से उसे बेवज़ह अब भर्ती प्रक्रिया से बाहर कर दिया गया है।

रिक्रूटमेंट एजेंसी की बैंक से हुई तकनीकी खराबी/गड़बड़ी के लिए याचिकाकर्ता को दोषी नहीं ठहराया जा सकता।

याचिकाकर्ता को 17 नवंबर को होने वाली लिखित परीक्षा से वंचित करने से उसका भविष्य ख़राब हो जाएगा।

प्रकरण के तथ्यों और मामले की परिस्थितियों को देखते हुए राजस्थान हाइकोर्ट ने रिट याचिका स्वीकार करते हुए याचिकाकर्ता को एक सप्ताह के भीतर पांच हजार रुपए का बैंक डिमांड ड्राफ्ट पेश करने पर राजस्थान स्वास्थ्य विश्वविद्यालय जयपुर को आदेशित किया कि वह याचिकाकर्ता को चिकित्सा अधिकारी के पदों हेतु चल रही चयन प्रक्रिया में शामिल करते हुए एडमिट कार्ड जारी करें।

## दिव्या मदेरणा को डॉक्टरेट की मानद उपाधि दी

**जोधपुर**, (कासं)। ओसियां से कांग्रेस की पूर्व विधायक दिव्या मदेरणा को जर्मनी की हेसन इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी की ओर से डॉक्टरेट ऑफ फिलॉसफी की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। यह डिग्री कानून के क्षेत्र से जुड़ी है। खुद दिव्या मदेरणा ने इसकी जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के माध्यम से दी है।

एक्स पर उन्होंने लिखा कि यह साझा करते हुए खुशी हो रही है कि हाल ही में नई दिल्ली में आयोजित एक दीक्षांत समारोह में मुझे कानून के क्षेत्र में हेसन इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी (जर्मनी) द्वारा मानद डॉक्टरेट ऑफ फिलॉसफी से सम्मानित किया गया। दिव्या मदेरणा ने लिखा कि समारोह में भारत की पच्चीस प्रतिष्ठित हस्तियों को संबंधित क्षेत्रों में उनके योगदान के लिए मानद डॉक्टरेट से सम्मानित किया गया।

## आर.ए.एस. प्रियंका विश्नोई मृत्यु मामले में एफ.आई.आर. के आदेश

**जोधपुर**, (कासं)। आरएएस प्रियंका बिश्नोई की मृत्यु मामले में जोधपुर महानगर मजिस्ट्रेट संख्या-8 ने निजी अस्पताल के चिकित्सक के खिलाफ एफआइआर दर्ज करने के आदेश दिए हैं। आरएएस प्रियंका बिश्नोई की गत 19 सितम्बर को अहमदाबाद के एक अस्पताल में उपचार के दौरान मृत्यु हो गई थी।

दरअसल, जोधपुर में 6 सितंबर को प्रियंका विश्नोई का ऑपरेशन हुआ था। अगले दिन इलाज के दौरान उनकी तबीयत बिगड़ गई। इसके बाद उन्हें अहमदाबाद के एक निजी अस्पताल में रेफर किया गया। जहां करीब 10 दिन तक उनका इलाज चला, लेकिन तबीयत में सुधार नहीं हुआ। 19 सितंबर की सुबह उनकी मौत हो गई।

इसी मामले को लेकर अस्पताल और डॉक्टर के खिलाफ जोधपुर महानगर मजिस्ट्रेट संख्या 8 में याचिका दायर की गई थी। शुक्रवार को याचिका पर सुनवाई करते हुए जोधपुर महानगर मजिस्ट्रेट संख्या 8 ने अस्पताल के डॉक्टर के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए हैं।

प्रियंका विश्नोई 2016 में आरएएस परीक्षा में सफल हुई। उन्हें जोधपुर में बतौर सहायक कलक्टर पोस्टिंग मिली। अपनी कडी मेहनत व ईमानदारी और धाकड़ रुतबे के लिए प्रदेशभर में पहचानी गईं। विश्नोई के पति विक्रम विश्नोई फलोदी में आबकारी निरीक्षक पद पर कार्यरत हैं।

## सार-समाचार

### सतीश पूनिया का जैसलमेर में स्वागत

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं हरियाणा प्रदेश प्रभारी सतीश पूनिया बाड़मेर गढ़डा भारत माला सड़क मार्ग से सीधे तनोट माता मंदिर पहुंचे तथाा दर्शन किये व अपने जन्मदिन पर आशीर्वाद मांगा। साथ ही देश की ख़ुशहाली व अमन चैन की प्रार्थना की। पूनिया के तनोट पहुंचने पर ज़िला प्रमुख प्रताप सिंह सोलंकी व ज़िलाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश शारदा ने स्वागत एव अभिनंदन किया। उन्होंने सीमा प्रहरियों से संवाद के बाद रात्रि विश्राम सर्किट हाउस जैसलमेर में किया। शुक्रवार को भाजपा दलित नेता व पूर्व पार्षद स्व.दलपत हिंगड़ा व पूर्व प्रधान मूलाराम चौधरी की माता जी के स्वर्गवास पर उनके घर पहुंचकर परिजनों के समक्ष सवेदनाएं व्यक्त की। पूनिया का भाजपा ज़िला कार्यालय में कार्यकर्ताओं व जन प्रतिनिधियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया एव जन्मदिन व हरियाणा में भाजपा की हैट्रिक व ऐतिहासिक जीत पर बधाई दी गई। अपने संदेश में पुनिया ने सभी का आभार प्रगट करते हुवे सदस्यता अभियान में शानदार उपलब्धि के लिये ज़िला संगठन व पूरी टीम को बधाई दी व कार्यालय अवलोकन पश्चात भूरी भूरी प्रशंसा की। पूनिया दोपहर बाद फ़्लाइट से दिल्ली के लिये रवाना हुवे।

### उत्कर्ष के मयंक को फ्लाइंग ऑफिसर रैंक

**जोधपुर**, (कासं)। एनडीए - 1/ 2024 परीक्षा के अंतिम चरण (एसएसबी) का परिणाम शुक्रवार को जारी किया गया। इसके तहत उत्कर्ष डिफेंस एकेडमी के एनडीए टारगेट बैच के ऑफलाइन विद्यार्थी मयंक चौहान एयरफोर्स में फ्लाइंग ऑफिसर की रैंक हासिल करने में कामयाब हुए और सैन्य अधिकारी बनने के अपने सपने को साकार किया। गौरतलब है कि गत अप्रैल माह में संघ लोक सेवा आयोग द्वारा एनडीए - 1/ 2024 परीक्षा का आयोजन किया गया था जिसमें देश भर के लगभग 3 लाख विद्यार्थियों ने आवेदन किया था। उत्कर्ष डिफेंस एकेडमिक हेड रविकांत शर्मा ने बताया कि मयंक चौहान ने अपने प्रथम प्रयास में ही एनडीए के सभी चरणों को पार कर मिसाल कायम की है। उन्होंने हर्ष जाहिर करते हुए कहा कि उनकी यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा साबित होगी। इसी कडी में मयंक चौहान ने अपने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि पहले ही प्रयास में फ्लाइंग ऑफिसर रैंक हासिल करने का संकल्प ठान कर ही उन्होंने प्रत्येक चरण की तैयारी की। अपनी इस सफलता के लिए अभ्यर्थी ने अपनी माता व शुभचिंतकों के समर्थन के साथ ही उत्कर्ष के गुरुजनों के बेहतरीन मार्गदर्शन को श्रेय प्रदान किया।

### चौधरी ने कारण बताओ नोटिस जारी किए

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। सुपर भारतीय प्रशासनिक सेवा युक्त सुनीता चौधरी मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद जैसलमेर ने सम, सियाम्बर पंचायतों का आकस्मिक निरीक्षण किया। ग्राम पंचायत सम में ग्राम विकास अधिकारी के निरंतर पंचायत मुख्यालय नहीं खोलने से फैली गंदगी से नाराज एवं अभिलेखों का पूछने पर ग्राम विकास अधिकारी के पास किसी भी प्रकार का अभिलेख न होना और संतोषजनक जवाब न देने पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने दोनों ग्राम विकास अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किये। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने सम पंचायत में अन्नपूर्णा रसोई संख्या 104 का औचक निरीक्षण किया। रसोई निरंतर कार्यरत नही पाई गई, सफाई व्यवस्था सही नही पाई गई, सुचारू रूप से संचालित नही हो रही थी। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी जितेन्द्रसिंह सांदू भी साथ में थे।

### जवानों ने कर्तव्य परायणता की शपथ ली

**जोधपुर**, (कासं)। शहर में आज सुबह आरपीटीसी में पुलिस का दीक्षांत परेड समारोह का आयोजन हुआ। इसमें प्लाटून कमांडर प्रोबेशनर बैच संख्या 33/ 2024 और नव आरक्षी प्रशिक्षु बैच संख्या 87/ 2023 का दीक्षांत समारोह मनाया गया। दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि जोधपुर रेंज आईजी विकास कुमार थे। डीआईजी हरेंद्र कुमार महावर की उपस्थिति में इसका आयोजन किया गया। दीक्षांत समारोह में आकर्षक परेड के साथ विभिन्न प्रकार के आयाम किए गए। इस अवसर पर पुलिस के जवानों को कर्तव्य परायणता की शपथ दिलाई गई। परेड निरीक्षण के साथ विधि विधान से राष्ट्रीय ध्वज का अभिवादन हुआ। जीप ड्रिल के अलावा म्यूजिकल पीटी योग का भी आयोजन किया गया। राजस्थान पुलिस रेंज, जिले और कमिश्नरेट के आला अधिकारी दीक्षांत परेड में शामिल जवानों के परिवारजनों ने भी उत्साह के साथ शिरकत की।

### मनोज ने तैराकी में सिल्वर मेडल जीता

**जोधपुर**, (कासं)। गोवा के पणजी में आयोजित इंटरनेशनल स्विमिंग प्रतियोगिता में जोधपुर के प्रज्ञा निकेतन छात्रावास के विद्यार्थी मनोज कुमार ने राष्ट्रीय स्तर पर सिल्वर मेडल जीता। नेशनल पेरा स्विमिंग प्रतियोगिता गोवा की राजधानी पणजी में इंटरनेशनल स्विमिंग पुल में आयोजित हुई जिसमें मनोज कुमार ने अपनी कैटेगरी में 50 मीटर फ्रीस्टाइल में सिल्वर मेडल जीता। मनोज कुमार ने बताया कि वह कोच शेराराम परिहार के निर्देशन में मेडिकल कॉलेज इंटरनेशनल स्विमिंग पूल जोधपुर में नियमित तैयारी करता है। दिव्यांग पुनर्वास परिषद प्रज्ञा निकेतन छात्रावास की अध्यक्ष डॉक्टर कुसुम लता भंडारी ने कोच का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### मंजू सोलंकी को सम्मान मिला

**जालोर**, (कासं)। भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं नगर परिषद् की पूर्व उपसभापति, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष मंजू सोलंकी को संयुक्त राष्ट्र स्थापना दिवस पर गुरुवार को नई दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय समरसता मंच की ओर से जम्मू द्वीप राष्ट्रपति पदम श्री अवार्ड से नेपाल के पूर्व राष्ट्रपति परमानंद झा तथा लोकनाथ शर्मा द्वारा सम्मानित किया गया। चयन समिति के संयोजक डॉक्टर विष्णु हरि नेपाल पूर्व राजदूत जापान ने बताया कि सोलंकी को शिक्षा, चिकित्सा, न्याय, समाज सेवा, पर्यावरण, पशु सेवा, में निरंतर परिश्रम करने पर चयन किया गया।

### धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर में घर-घर कचरा संठाहण करने वाली लेबर फर्म का 31 लाख रुपया ठेका फर्म अदा नहीं कर रही है। ऐसे में लेबर्स सप्लाई करने वाली फर्म ने ठेका फर्म के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज करवाया है। लालबाग, सूरसागर स्थित विजय लेबर्स सप्लायर्स फर्म के अजय प्रकाश ने उदयमंदिर थाने में रिपोर्ट दी है। जिसमें नगर निगम उत्तर की ठेका फर्म एमएसडब्ल्यू प्राइवेट लिमिटेड व हैदराबाद की रामकी फर्म के मालिकों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज करवाया है।

### याशी जैन को कांस्य पदक

**जोधपुर**, (कासं)। अखिल भारतीय स्क्वैश रैकेट महासंघ व पश्चिम बंगाल स्क्वैश रैकेट संघ के तत्वावधान में कलकत्ता रैकेट क्लब में आयोजित सब जूनियर व जूनियर राष्ट्रीय स्क्वैश चेंपियनशिप में जोधपुर की याशी जैन ने तीसरा स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक जीता। शुभचिंतकों ने खुशी जताई है।

## पाली में राज्यपाल माथुर का नागरिक अभिनंदन किया

**पाली**, (नि.सं.)। सिक्किम राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर का आज शुक्रवार को पाली के रूप रजत विहार में नागरिक अभिनन्दन समिति की ओर से नागरिक अभिनन्दन किया गया।

इस अवसर पर राज्यपाल माथुर ने अपनी जीवन यात्रा को स्मरण किया और बताया।

उन्होंने कहा कि जिले के भले के लिये जो भी करना पडे वो करने के प्रयास करूगां साथ ही उन्होंने इस अवसर पर उपस्थित सभी का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि मैं पाली का ही हूं यहां की गलियों में स्वयंसेवक के रूप में साइकिल पर घूम कर प्रचार किया, सभी अपने से लगते हैं।

इस अवसर पर समारोह को कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने भी सम्बोधित किया और उनसे प्रेरणा लेने की बात कही।

साथ ही समारोह को पाली सांसद पीपी चौधरी , कैबिनेट मंत्री सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत , राज्यमंत्री ओटाराम देवासी , पूर्व सांसद पुष्प जैन, पूर्व विधायक पाली ज्ञानचन्द पारख , ने भी सम्बोधित किया और उनके पाली जिले के लिये योगदान को याद किया। इससे पहले कार्यक्रम में आये हुये अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य रूप से आयोजककर्ता पुष्प जैन व नागरिक अभिनन्दन समिति उगमराज सांड द्वारा आयोजित किया गया।

इस अवसर पर मंच पर उपस्थित अतिथियों ने उनको अभिनन्दन पत्र भी सौंपा। इस अवसर पर जिला प्रमुख रश्मि सिंह , बाली विधायक पुष्पेन्द्र सिंह राणावत , सोजत विधायक शोभा चौहान, पूर्व विधायक ज्ञानचंद पार्क नगर निगम महापौर रेखा राकेश भाटी, उपमहापौर ललित प्रीतमानी, पूर्व सभापति महेन्द्र बोहरा, पूर्व उपसभापति मूल सिंह भाटी सुनील भंडारी , नरेश ओझा ,रितेश छाजेड व ललित प्रीतमानी बडी संख्या में विभिन्न समाजों के प्रतिनिधि व आमजन मौजूद रहे।

कार्यक्रम में करीब पाली की 60 समाजसेवी संस्थाओं सनाजो के लोगों ने माल साफा पहना कर स्वागत किया।

इससे पहले राज्यपाल माथुर को वहां पहुंचने पर गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस अवसर सभी मंत्रीगणों ,सांसदो ,विधायको ,जनप्रतिनिधिगणों व प्रशासनिक अधिकारियों जिला कलक्टर एलएन मंत्री और पुलिस अधीक्षक चुनाराम जाट ने उनकी अगवानी की और स्वागत किया।

इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विपिन चन्द्र ,उपखंड अधिकारी व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## सीएम ने जनसभाओं को सम्बोधित किया

**जयपुर ( कासं )**। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज खींवसर, संलुबर और चौरासी विधानसभा उप चुनावों में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में आयोजित जनसभाओं को संबोधित किया। मुख्यमंत्री शर्मा और प्रदेश अध्यक्ष राठौड़ ने खींवसर से भाजपा प्रत्याशी रेवंतराम डांगा, संलुबर से शांति देवी मीणा और चौरासी से कारीलाल ननोमा के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया और क्षेत्र के विकास के लिए भाजपा के प्रत्याशी को भारी बहुमत के साथ विजय दिलाकर विधानसभा में भेजने का आव्हान किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार ने प्रदेश की सभी 200 विधानसभा क्षेत्रों में विकास के कार्य करवाए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश की डबल इंजन सरकार ने युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजन करने का कार्य किया है। भाजपा सरकार खनिज बाहुल्य क्षेत्रों में स्थानीय लोगों को रोजगार मुहैया कराने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए राइजिंग राजस्थान के तहत अकेले संलुबर विधानसभा क्षेत्र में 250 करोड़ के 6 एमओयू साइन किए गए है। भाजपा सरकार की प्राथमिकता क्षेत्र का विकास करना है।

## मंदबुद्धि बालिका से दुष्कर्म के आरोपी को दस साल का कारावास

**जालोर**, (कासं)। पोक्सो न्यायालय के विशिष्ट न्यायाधीश भूपेन्द्र कुमार सनाढ्य ने शुक्रवार को मंदबुद्धि बालिका के साथ गुटखा दिलाने के बहाने ले जाकर दुष्कर्म करने के आरोपी जितेन्द्र कुमार को दस साल के कारावास की सजा सुनाई।

पुलिस थाना बिशनगढ में परिवादी ने रिपोर्ट पेश कर बताया कि उसके चाचा की मंदबुद्धि लड़की है, जिसे 10 सितम्बर 2023 को मुडी गांव का जितेन्द्र कुमार पुत्र कुयाराम उसे गांव के मुख्य चौराहे से गुटखे की पुडिया दिलाने का बहना बनाकर बाईक पर बिठाकर सुनसान जगह पर ले गया। वहा उसके साथ दो तीन बार दुष्कर्म किया उसके बाद उसे गांव जाने वाले रोड पर छोडकर भाग गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान में पाया कि मंदबुद्धि लड़की, जो गुटखा आदि खाती है तथा गांव में इधर उधर घुमती रहती है। जितेन्द्र कुमार चौराहे पर खड़ी मंदबुद्धि लड़की को गुटखा का लालच देकर मोटरसाईकिल पर बिठाकर सुनसान जगह पर ले गया तथा उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने आरोपी जितेन्द्र कुमार को गिरफ्तार कर आरोप पत्र न्यायालय में पेश किया।

पोक्सो न्यायालय के न्यायाधीश भूपेन्द्र कुमार सनाढ्य ने मंदबुद्धि लड़की के साथ दुष्कर्म करने क आरोपी मानते हुए दस साल के कारावास के सजा सुनाई। वही दस हजार के अर्थदण्ड से दण्डित किया।

सरकार की ओर से पैरवी विशिष्ट लोक अभियोजक रणजीतसिंह राजपुरोहित ने की।

## राजस्थान प्रबोधक संघ का शैक्षिक सम्मेलन शुरू

**जालोर**, (कासं)। अखिल राजस्थान प्रबोधक संघ का दो दिवसीय शैक्षिक सम्मेलन का उद्घाटन समारोह शुक्रवार को पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सरनाऊ में हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरनाऊ प्रधान शांति देवी विश्नोई ने अपने संबोधन में शिक्षकों को बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अपनी पूरी शक्ति लगाने की बात कही। मुख्य मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी भंवरलाल बिश्नोई ने शिक्षकों को लगन के साथ दायित्वों का निर्वहन की बात कही।

नेता प्रतिपक्ष नगर परिषद सांचोर बीरबल विश्नोई, मंगला राम विश्नोई सीबीईओ चितलवाना, गजेन्द्र देवासी सीबीईओ रानीवाडा, पूनमचंद लोमरोड सीबीईओ सांचोर ने भी शैक्षिक नवाचार एवं राज्य सरकार के नवीन योजनाओं की जानकारी साझा की। जिला अध्यक्ष इंदर सिंह राजपुरोहित ने कर्मचारीयो से संबंधित विभिन्न समस्याओं को मंच के माध्यम से रखा एवं उन समस्याओं के समाधान हेतु सभी कर्मचारियों को संगठित होकर सरकार के समक्ष अपनी बात उचित मंच के माध्यम से रखने का आव्हान किया। प्रबोधक संघ के जिला अध्यक्ष रायमल सुथार ने प्रबोधकों से शिक्षक व बालको के हित मे कार्य करने की बात कही।

जालोर ब्लॉक अध्यक्ष पारसमल गर्ग, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष भंवरू खान, कोषाध्यक्ष रमेश दहिया, रानीवाडा ब्लॉक अध्यक्ष पुष्पेंद्र शर्मा , प्रदेश उपाध्यक्ष दुर्ग सिंह तुरा, प्रदेश प्रतिनिधि बाबूलाल गुरु, सांचोर ब्लॉक अध्यक्ष प्रकाश विडार, सरनाऊ ब्लॉक अध्यक्ष बाबूलाल खिलेरी चितलवाना ब्लॉक अध्यक्ष उम्मेदाराम ने संबोधित किया। कुलदीप साऊ ने मंच संचालन किया।

## पुतला जलाया

**जोधपुर**, (कासं)। बिश्नोई समाज ने फिल्म अभिनेता सलमान खान के पिता सलीम खान के बयान पर अपना विरोध जताया है। समाज ने शुक्रवार को सलीम खान का पुतला भी जलाया। प्रदर्शन कर हिरण शिकार मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग की।

## कार्रवाई से बाजार बंद

**गुड़ामालानी**, (निसं)। मुख्यालय पर खाद्य विभाग के अधिकारियों द्वारा बाजार कि दुकानों पर कार्यवाही कर सैम्पल लिए गए। भनक लगते ही दुकानदारों द्वारा दुकानों के शटर नीचे करने के साथ पांच मिनटों में बाजार में सन्नाटा छा गया। खाद्य विभाग अधिकारी सुरेशचंद्र शर्मा ने बताया कि त्यौहार के पर्व पर बाजार में नकली माल की आवक तेज रहती है।

## ई-नीलामी में जे.डी.ए. के 10 भूखंडों की नीलामी

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर विकास प्राधिकरण द्वारा शुक्रवार को महत्वकांक्षी विवेक विहार आवासीय योजना सेक्टर बी के 05 भूखण्डों एवं अरणा विहार योजना सेक्टर ए एवं बी के 05 भूखण्डों को ई-नीलामी के जरिये विक्रय किया गया।

जोधपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त उत्साह चौधरी के निर्देशानुसार प्राधिकरण द्वारा विभिन्न योजनाओं के आवासीय एवं व्यावसायिक भूखण्डों, योजनाओं के सुविधा क्षेत्रों एवं मल्टीस्टोरी रहवासीय भूखण्डों की निरन्तर ई-नीलामी की जा रही है।

प्रभारी अधिकारी नीलामी शाखा संदीप सान्दू ने बताया कि दीपावली मेगा ई-ऑक्शन में आमजन के भारी रूझान से शुक्रवार को विवेक विहार आवासीय योजना सेक्टर बी के भूखण्डों की ई-नीलामी में प्राधिकरण को 56,300/- प्रति वर्गमीटर की उच्चतम बोली दर प्राप्त हुई। जेडीए को शुक्रवार तक सेक्टर बी के भूखण्डों की नीलामी से कुल 20 करोड से अधिक के राजस्व की प्राप्ति होगी।

इसी प्रकार जेडीए ने अरणा विहार योजना के सेक्टर ए एवं बी के कुल 05 भूखण्डों को भी नीलामी के जरिये विक्रय किया गया। अरणा विहार योजना के भूखण्डों की नीलामी में प्राधिकरण को 15,200/- प्रति वर्गमीटर की उच्चतम बोली दर प्राप्त हुई।

प्राधिकरण द्वारा सोमवार, 28 अक्टूबर को विवेक विहार योजना सेक्टर सी के भू.सं. 377, 378, 305, 332 एवं सेक्टर डी के भू.सं. 578 एवं मंगलवार को सेक्टर डी के भू.सं. 658, 706, 707, 730 व 731 की नीलामी की जाएगी।

प्रभारी अधिकारी ने बताया कि उक्त भूखण्डों के लिए नियमानुसार धरोहर राशि जमा करवाकर ऑनलाईन बोली लगाते हुए ई-नीलामी में भाग लिया जा सकता है।

ई-नीलामी से संबंधित विस्तृत जानकारी, नियम एवं शर्तें जोधपुर विकास प्राधिकरण की वेबसाईट पर देखी जा सकती हैं।

## मिलावट के संदेह में 639 लीटर घी सीज

**जोधपुर**, (कासं)।दीपावली पर्व नजदीक आने के साथ ही चिकित्सा विभाग भी मिलावटी खोरों के खिलाफ सक्रिय हो गया है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुरेंद्रसिंह शेखावत के निर्देश पर शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई लगातार जारी है।

स्वास्थ्य विभाग के खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुरेश माली व रेवंत सिंह ने मंडोर कृषि मंडी में मिलावट के संदेह में फर्म अनिल एजेंसी से वनस्पति दीप ब्रांड का 295 लीटर व जय श्री कृष्णा ब्रांड का 344 लीटर घी सीज किया। फर्म महावीर सेल्स से घी सोनई ब्रांड के सैंपल मिलावट की आशंका पर लिए। खाद्य परिसर में साफ-सफाई व फूड लाइसेंस को डिस्प्ले करने के निर्देश दिए गए। सैंपल को जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला जोधपुर में भेजे जाएंगे। जांच रिपोर्ट के अनुसार अठिम कार्रवाई की जाएगी।

